महत्वपूर्ण एवं खास

भरण्डा के जंगल में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

नारायणपुर (आरएनएस)। रविवार की रात करीब डेढ़ बजे जिला नारायणपुर के थाना भरण्डा से 6 किमी. दक्षिण दिशा में पुल के पास डीआरजी नारायणपुर और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान एक अज्ञात माओवादी का शव बरामद किया गया है साथ ही एक भरमार हथियार के साथ भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद हुई है। क्षेत्र में सर्चिंग जारी है। घटना की पुष्टि एसपी गिरिजा शंकर जायसवाल ने की है। मारे गए नक्सली के शव को पुलिस लाइन लाया गया है।

देर रात हाथी ने महिला को कुचला, 4 घंटे तक शव को घेरे रहा दल

रायपुर/रायगढ़ (आरएनएस)। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के चापकछार ग्राम में देर रात एक हाथी ने देवकुमारी (55) को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शव के आसपास हाथियों का दल तकरीबन 4 घंटे तक भ्रमण करते रहा। वन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद उनको वहां से भगाया।

सोना और चांदी की पॉलिश करने वाली दुकान से लाखों का माल चुराने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

रायपुर/दुर्ग (आरएनएस)। पावर हाउस मार्केट स्थित सोना और चांदी की पॉलिश करने वाली दुकान में चोरी करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि आरोपियों ने देर रात दुकान के शटर का ताला तोड़कर वहां सेंधमारी की थी। वहीं उनकी सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। हालांकि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का 60 प्रतिशत माल बरामद कर लिया है। दरअसल सीएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में टीआई विशाल सोम ने दो टीमें गठित की थीं। दोनों टीमों घटना के आस-पास लगे करीब 30 सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इसके बाद आरोपियों का सुराग मिला। उत्तर प्रदेश सुल्तानपुर निवासी शातिर आरोपी मोहमद सलमान खान (22 वर्ष) और बसीर अख्तर (26 वर्ष) को 18 नम्बर रोड गौसिया मंजिद के पास से गिरफ्तार किया गया। यह दोनों यहां अपने भाई के यहां रुके थे और भागने की फिराक में थे।

जिला अस्पताल के डॉक्टर का शव आवास में मिला

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. डाबर राबिंसन खूंटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बीती रात्रि में उनका शव सरकारी आवास में मिला। डॉ खूंटे की पत्नी व बच्चे बाहर गए हुए थे। डॉ खूंटे जिला अस्पताल में लंबे समय से पदस्थ रहने के बाद दंतेवाड़ा बीएमओ का दायित्व और कैंसर मरीजों की कीमोथेरेपी का विंग भी संभाल रहे थे। डॉ खूंटे के द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात सामने आ रही है, जिसकी पुष्टि नही हुई है। सिटी कोतवाली टीआई सौरभ सिंह ने घटना की पुष्टि करते बताया कि मृत डॉक्टर का शव जिला अस्पताल की मरचुरी में रखवाया गया है।

छिंदनार घाट पर बने इंद्रावती पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे 25 को

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। अबूझमाड़ के गांवों की बड़ी आबादी को राहत देने छिंदनार घाट पर बने इंद्रावती पुल का उद्घाटन 25 जनवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। इससे नदी पार के करीब 10 गांवों के लोगों को फायदा मिलेगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि पुल बनने से नदी पार की बड़ी आबादी को लाभ मिल रहा है, मुख्यमंत्री 25 जनवरी को पुल का उद्घाटन करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि पुल बनने के बाद अब इन गांवों में विकास पहुंचाया जा रहा है। नदी पार गांवों के लिए बड़े करका घाट पर भी पुल का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा मुचनार घाट पर भी पुल का प्रस्ताव भेजा गया है।

बालिका दिवस पर बेटियों ने उकेरी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर आकर्षक रंगोली

» हाई स्कूल कछार में मनाया गया बालिका दिवस

» प्रतियोगिता का हुआ ऑनलाइन आयोजन

रायगढ़। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हायर सेकेण्डरी कछार द्वारा आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबंद्ध शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछार में ऑनलाइन के माध्यम से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वेबिनार के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवक और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए और विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने विविध प्रतियोगिता में भाग लिया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटी है तो कल है, बेटी घर की आन है, बेटी घर की मान है, माँ पिता की अभियान है बेटी, बालिकाओं की सामाजिक स्थिति, विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं की भूमिका आदि विषयवस्तु पर पोस्टर, पेंटिंग, रंगोली भाषण, कविता एकल और समूह नृत्य और गायन के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर ऑनलाइन के माध्यम से विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बेटियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर आकर्षक रंगोली बनायी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पी.सी.बघेल ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर बालिकाओं और महिलाओं को प्रोत्साहित कर उनका सम्मान किया। बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर पटेल ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढ़ते हुए ऊँची उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया। सभी शिक्षिकाओं ने बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने खुद को बालिका होने पर गर्व महसूस करते हुए हम भी किसी से कम नहीं उक्त उदगार कही। संकुल समन्वयक शशि कुमार डनसेना ने भारत में प्रथम महिलाओ के बारे में और 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के कारण को बताते हुए बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनायें देते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक धर्मेंद्र कोर्चे सर ने सभी स्वयंसेवकों एवं बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिकाओं दिवस के शुभ अवसर पर बताया कि खेल के क्षेत्र में भी बालिकाए विविध खेलो में अपना स्थान एवं पहचान बनाकर अपने देश का मान एवं सम्मान बढ़ा रही है। मुरलीधर पटेल व्याख्याता ने सभी बालिकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हर क्षेत्र मे आगे बढ़कर देश सेवा, समाज सेवा करने हेतु प्रेरित किया। योगेश सिदार विज्ञान सहायक शिक्षक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी बालिकाओं को हार्दिक वधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर स्कूल के समस्त टीचर एवं समस्त स्टॉफ , सभी स्वयं सेवक एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थी ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिए। प्राचार्य श्री बघेल ने सभी महिला शिक्षिकाओं को पेन पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार कि घोषणा की।

तेज रफ्तार केप्सूल वाहन ने तीन लोगों को रौंदा, तीनों की मौत

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर प्रकाश में आई हैं ।

यहां बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने रौंद दिया है। इस दर्दनाक हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के राहौद कान्हा पेट्रोल पंप के पास हुई हैं। जानकारी के मुताबिक घटना सुबह 11 बजे के आसपास हुई हैं। शिवरीनारायण के रिंगनी ग्राम निवासी महिला कीर्ति भैना 40 वर्ष, 12 वर्षीय पुत्र परमेश्वर भैना के साथ अपने भाई ओम पेशवर के यहां बिलासपुर आई हुई थी। आज सुबह ओम की बाइक में बैठकर महिला अपने बच्चे

के साथ अपने घर शिवरीनारायण के लिए निकली थी। इस दौरान शिवरीनारायण के राहौद कान्हा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और महिला बच्चे व बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी करेंगे ध्वजारोहण

» गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न

रायगढ़। उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी जिला मुख्यालय में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मंडावी प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि को सलामी दी जायेगी।

इसके पूर्व आज सोमवार को गणतंत्र दिवस-2022 की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। रायगढ़ मिनी

स्टेडियम में रिहर्सल सुबह 9 बजे शुरू हुई। कलेक्टर भीम सिंह मंच पर पहुँचे। फुल ड्रेस रिहर्सल में कलेक्टर भीम सिंह ने मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। मुख्य अतिथि को जिला पुलिस बल, नगर सेनानी द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी गई। कलेक्टर सिंह ने समारोह की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

मालूम हो कि कोराना वायरस (कोविड-19) संक्रमण को देखते राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को पालन किया जाएगा। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए मार्च पास्ट, परेड एवं परेड का निरीक्षण नहीं होगा, अपितु मुख्य अतिथि को जिला पुलिस बल, नगर सेनानी द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। एन.सी.सी.एवं स्काउट गाईड के बच्चे इस सलामी में शामिल नहीं होंगे। विभागीय झांकी का प्रदर्शन भी इस वर्ष नही किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, सहित लोक लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भालू के हमले से बुजुर्ग घायल

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कटघोरा के जटगा रेंज में भालू के हमले से 70 साल का बुजुर्ग घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम पचरा निवासी 70 वर्षीय वनस्वरूप पिता बाबूलाल गांव के पास ही जंगल में पत्ती तोड़ने गया था।

इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया। उसके पैर को नोंचकर जख्मी करने से वह घायल हो गया। शोर मचाने पर भालू जंगल की ओर भाग गया। संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना मिलने पर घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जटगा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेंजर शहादत खान ने बताया कि घायल ग्रामीण को 500 रुपए की तत्कालिक सहायता राशि दी गई है।

विकास सहायक संविदा पद के लिए 31 जनवरी तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

» रिक्त पद में भर्ती के लिए स्थानीय निवासियों को आयु सीमा में मिली 5 वर्ष की छूट

रायगढ़। जिला खनिज संस्थान न्यास रायगढ़ अंतर्गत विकास सहायक के एक पद (अनारक्षित मुक्त)संविदा भर्ती हेतु गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत एवं राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार स्थानीय निवासियों को आयु सीमा में मिले छूट के आधार पर पुनः पात्र-अपात्र की सूची तैयार की गई है। उक्त सूची जिला खनिज संस्थान, न्यास रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है तथा जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में भी अपलोड किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे 31 जनवरी 2022 तक कक्ष क्रमांक 111 में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। ज्ञात हो कि विकास सहायक के एक पद (अनारक्षित मुक्त)संविदा भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों का चयन समिति द्वारा परीक्षण कर पात्र/अपात्र सूची तैयार कर दावा-आपत्ति मंगाए गए थे। लेकिन छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगारों के हित को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई 5 वर्ष की छूट की अवधि को 01 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 अर्थात 5 वर्ष तक बढ़ाया जाता है। अन्य विशेष वर्गो के लिए अधिकतम आयु सीमा में देय सभी छूट यथावत रहेंगी। किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी, वर्णित है। अतएव स्थानीय निवासियों को आयु सीमा संबंधी मिले छूट के आधार पर द्वितीय पात्र/अपात्र सूची तैयार कर कार्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट में अपलोड किया गया है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

जांजगीर (आरएनएस)। नवागढ़ थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग घरों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक युवक नेघर में पंखे में फांसी लगाई तो दूसरे युवक का शव फंदे के सहारे बेड पर मिला है। दोनों ही युवकों के परिजनों का कहना है कि वे बेरोजगारी के चलते मानसिक रूप से परेशान थे।

ग्राम अमोरा निवासी बुचुन कश्यप 28 वर्ष का शव रविवार दोपहर घर के कमरे में ही पंखे से लटका मिला है। वहीं पेंड्री ग्राम निवासी महावीर यादव 28 वर्ष का शव उसके घर के कमरे में मिला। सूरज का शव बिस्तर के सहारे बैठी हुई अवस्था में था। वहीं उसके गले में छत के सहारे फंदा पड़ा हुआ था। ऐसे में उसकी खुदकुशी को लेकर पुलिस को संदेह है। वहीं परिजनों का कहना है कि सूरज और राजू मजदूरी करते थे। कोरोना संक्रमण के चलते उनका काम छिन गया। इसके कारण दोनों काफी परेशान रहते थे। इसी के चलते परिजनों ने खुदकुशी की आशंका जाहिर की है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सर्वेश्वर एनीकट में पानी कम होने से रेत तस्करी की बढ़ी रफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। शहर से लगे सर्वेश्वर एनीकट में पानी कम होने से रेत की तस्करी में संलिप्त गिरोहों की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई है। समानांतर पुल के कार्य में प्रगति लाने के लिए एनीकट में पानी नहीं भरा जा रहा। यही वजह है कि बंद गेरवा घाट अवैध उत्खन के लिए आसान जगह बन गई है। खनिज विभाग में छापामार दल और अमलों की कमी का लाभ रेत तस्कर उठा रहे है।

उल्लेखनीय है कि घाट बदल बदलकर किए का रहे रेत उत्खनन से नदी तट में जगह-जगह मिट्टी का कटाव हो रहा है। मानसून बीतने के ढाई माह बाद रेत घाट नहीं होने से रेत की चोरी लगातार बढ़ रही है। शहर के भिलाई खुर्द, ढेंगुरनाला, सुमेधा, धन गांव ऐसी जगह हैं जहां रात के समय रेत परिवहन होता है। गेरवाघाट नदी में हो रहे लगातार की शिकायतों और छापेमारी बढ़ती संभावना को देखते हुए रेत चोरी का पैतरा बदल दिया है। रेत माफिया अब रातारवार छोड़ भिलाई खुर्द से दिन के उजाले में रेत निकाल रहे है। प्रतिदिन 30 से 40 ट्रिप रेत भिलाई खुर्द घाट से रेत निकाला जा रहा है। कुछ दिन पूर्व आधी रात को माइनिंग की टीम ने अघोषित घाट में छापामार कार्रवाई की तो वहां 10 गाड़ियों में रेत उत्खनन करते पाया गया। माइनिंग इंस्पेक्टर ने वाहनों को थाने लाकर चालान किया। घाट नहीं खुलने से कार्रवाई के बाद भी अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। अघोषित घाटों में रेत निकाले जाने से जगह जगह गड्ढे बनते जा रहे। शहर में रेत घाट की शुरुवात नहीं किए जाने से रेत चोरी को बढ़ावा मिल रहा। शहर में रेत नहीं मिलने से निगम और जिला प्रशासन के कई निर्माण कार्य बंद हैं। इधर निजी निर्माण करने वालों में रेत की मांग बढ़ गई है। डेढ़ से दो हजार प्रति ट्रैक्टर मिलने वाला रेत अब तीन से चार हजार कीमत में बिक रहा। रेत परिवहन के अधिक दाम मिलने से वाहन मालिकों को सक्रियता बढ़ गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निरिक्षण में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूर्ण : फायनल रिहर्सल में

» जवानों ने गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। माननीया राज्यपाल छत्तीसगढ़ सुश्री अनुसुइया उइके मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगी। आज यहां पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित फायनल रिहर्सल में गार्ड ऑफ़ ऑनर द्वारा सलामी दी गई।

इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, अपर कलेक्टर एन.आर.साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

परेड कमाण्डर, स्मृतिक राजनाला, भा.पु.से.परिवीक्षाधीन, जिला जगदलपुर और विकास कुमार भा.पु.से.परिवीक्षाधीन जिला बिलासपुर(रिजर्व) के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, मध्यप्रदेश सशस्त्र बल(पुरुष), छ.ग. सशस्त्र बल(पुरुष), छत्तीसगढ़ पुलिस (पुरुष), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल(महिला), नगर सेना(महिला) एवं बैण्ड के प्लाटून इस अवसर पर परेड में शामिल हुए।

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल के हाथों होंगे सम्मानित

गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के विरूद्ध अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति का 'पुलिस वीरता पदक' से अलंकृत किया जाएगा। जिन अधिकारी-कर्मचारी को अलंकृत किया जाएगा उनमें कमलोचन कश्यप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सुरेश लकड़ा, उप पुलिस अधीक्षक, संजय पोटाम, निरीक्षक, लक्ष्मण केंवट, निरीक्षक, ओंकार सिंह दीवान, निरीक्षक, बीजाराम तामो, प्रधान आरक्षक, उमाशंकर राठौर, निरीक्षक, चेतन लाल बेलेन्द्र, प्रधान आरक्षक, मानिक लाल कोरेटी, प्रधान आरक्षक, मोहन लाल निषाद, निरीक्षक, बृजलाल भारद्वाज, निरीक्षक, कमलेश कुमार रात्रे, सहायक प्लाटून कमाण्डर, सोमारू राम यादव आरक्षक, आशीष सिंह राजपूत, निरीक्षक, इन्द्र कुमार शिवानी, कंपनी कमाण्डर, विन्टन कुमार साहू, निरीक्षक, अश्वनी राठौर, निरीक्षक, जीतेन्द्र कुमार डहरिया, उप निरीक्षक, दिनेश पुरेना, उप निरीक्षक, विरासत कुजूर, उप निरीक्षक,शहीद मुरली ताती, सहायक उप निरीक्षक की पत्नी श्रीमती मैनू ताती को पदक से अलंकृत किया जा रहा है।

इसी तरह उत्कृष्ट सेवा लिए राष्ट्रपति का 'विशिष्ट सेवा पदक' से उदयभान सिंह चैहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अलंकृत किया जाएगा।